**खबर संक्षेप**

## आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला।** शा.आई.टी.आई. रसैयादौना ग्राम आमानाला जिला मण्डला में आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दिनों 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में लगातार जिले में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहित बड़कुल के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप निरीक्षक पुष्पा इनवाती द्वारा आपतकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 1930 साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन के नंबर को छात्र/छात्राओं को नोट करवाया। तत्पश्चात प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मधुलिका उपाध्याय द्वारा हेल्पलाइन नंबरों को क्यों लिखवाया जा रहा है और उनका प्रयोग किन परिस्थितियों में कब किया जाये ये समझाया गया। इसके पश्चात पुलिस विभाग से उप निरीक्षक शिव नारायण उपाध्याय द्वारा डायल 100 का प्रयोग एवं साईबर सुरक्षा से जुड़े कानूनों पर चर्चा की गई। साईबर क्राईम के प्रकार, उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें सोशल मीडिया में अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने और अपने यूजर आई.डी., पासवर्ड एवं ओ.टी.पी. किसी से साझा न करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा सतर्क रहकर किसी भी आपात स्थिति से जूझने के लिये दिये गये नंबरों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। छात्र/छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया। उक्त कार्यक्रम में आई.टी.आई. प्राचार्य आर.एस. वरकड़े, टी.ओ. अंकित मिश्रा, शरद ककोड़िया, वैशाली कामड़े एवं वन स्टॉप सेंटर से बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आरती वरकड़े और हरिशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

### दिव्यांग वृद्ध महिला के वर्षों पुराने कब्जे पर चला बुलडोजर

# दिव्यांग वृद्धा के प्रति अमानवीय कार्रवाई







*** पीड़िता ने पुलिस पर लगाया अभद्रता करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ये बात किसी से छुपी नहीं है कि जिले में अनेक स्थानों पर सार्वजनिक उपयोग की बेशकीमती महत्वपूर्ण शासकीय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा कर निजी उपयोग किया जा रहा है जिसकी शिकायतें भी की जाती है संबंधित विभाग के संज्ञान में भी है लेकिन इस ओर क्यों ध्यान नहीं दिया जाता। इसके विपरीत एक वृध्द असहाय निरक्षर दिव्यांग 70 वर्षीय महिला को परेशान करने का मामला प्रकाश में आया है। घुघरी तहसील के ग्राम खोड़ाखुदरा की निवासी निर्मला बाई बंदरिया द्वारा कलेक्टर एवं एडीशनल एस.पी. से शिकायत करते हुए बताया गया कि उसके शिक्षक भाई मुन्नालाल एवं ऑगनबाडी कार्यकर्ता भाभी अनीता बाई के कहने पर उसकी 50 वर्षों से काबिज जमीन पर बगैर पूर्व सूचना व नोटिस के बलपूर्वक अभद्रता करते हुए बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मौके पर मौजूद अनेक ग्रामों के पटवारी, आर.आई., कोटवार एवं घुघरी पुलिस द्वारा गाली गलौच करते हुए अभद्रता की गई है एवं एक पुलिस कर्मी पर लात मारने का आरोप भी लगाया गया है जिससे वह बेहद दुखी है। अब इस घटना को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग चर्चाएं हो रही हैं। एक विकलांग असहाय महिला के विरूध्द प्रशासन का इतना संख्या बल एकत्रित होना कई सवाल खड़े कर रहा है। जबकि जिनकी शिकायत पर यह कार्यवाही की गई है उन पर आरोप है कि वो स्वयं खसरा नंबर 650 की शासकीय भूमि पहाड़ चट्टान में कब्जा किए हुए है जिससे लोगों का आना जाना बाधित हो रहा है और साथ में सार्वजनिक शासकीय बोर में कब्जा कर मोटर लगाकर अकेले पानी का उपयोग किया जा रहा है। यहॉ से किसी को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। इस विषय की शिकायत पर जिम्मेदार अधिकारी क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं ये बड़ा सवाल है। आपको बता दें कि इस पारिवारिक आरोप प्रत्यारोप का कारण क्या है प्रशासनिक जिम्मेदारों को संज्ञान में लेना चाहिए। स्वर्गीय मांदूलाल बंदरिया की 05 पुत्री एवं 04 पुत्र कुल 09 संतानें हैं मांदूलाल की मृत्यु के बाद जमीन का इनके बीच बराबर से बटवारा हुआ था। जिसमें मनिया बाई एवं किरण बाई नें अपनी स्वेच्छा से छोटी बहिन देवकली को अपना हिस्सा दे दिया और पीड़िता निर्मिला बाई भी देवकली की देखरेख में जीवन यापन कर रही है इस तरह से देवकली को तीन हिस्सा अतिरिक्त मिलता नजर आ रहा है। इससे भाई मुन्नालाल एवं भाभी अनीता बोखलाई हुई है इसी वजह से शिकायत कर दोनों विकलांग बहिनों को परेशान किया जा रहा है। कई मामले न्यायालय में चल चुके हैं पीडिताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें घुघरी तहसील से अनेकों बार बगैर हस्ताक्षर व मोहर के फर्जी नोटिस भेजी जाती रही है। बताया गया कि खसरा नंबर 640/2 का प्रकरण लंबित है लेकिन खसरा नंबर 610/2 को आधार मानकर परेशान किया जा रहा है। अब देखना होगा कि उक्तर सम्पूर्ण मामले में उच्चाधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।



# कोर ग्रुप की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आज श्रीराम मंदिर पड़ाव मण्डला में वैश्य महासम्मेलन मण्डला इकाई के कोर ग्रुप की बैठक सम्पन्न हुई। वर्ष 2025 के कैलेंडर का वितरण सभी आजीवन सदस्यों को किया गया।दिनांक 12 जनवरी को घुघरी, नैनपुर और बिछिया तहसील में सम्मेलन किए जाने की बात हुई। इसी माह 27 दिसंबर शुक्रवार को पारिवारिक भोज पिकनिक के आयोजन स्थानीय धार्मिक और पर्यटन स्थल सूरजकुंड में आयोजित किए जाने पर सबने सहमति दी सभी आजीवन सदस्य परिवार सहित उपरोक्त आयोजन में सम्मिलित होंगे जिसका प्रभारी सोमिल रावत को बनाया गया। जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल ने आज सबके समक्ष मंडला इकाई को और ज्यादा सशक्त बनाए जाने नए पुराने सभी आजीवन सदस्यों के साथ मण्डला में बेहतर आयोजन किए जाने के लिए सबसे सुझाव मांगे। भोपाल में हो रहे भवन निर्माण के आर्थिक सहयोग के लिए इसी माह दिसंबर में राशि भोपाल भेजे के लिए बात हुई। आज बैठक में अशोक अग्रवाल, रंजीत कछवाहा, सुनील अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अरुण अग्रवाल, जगदीश राय, अखिलेश सोनी, पंकज सोनी, सुधीर कसार, सोमिल रावत, विजय अग्रवाल उपस्थिति रहे।

## देर रात रोड किनारे परित्यक्त अवस्था में मिली नवजात बच्ची को डायल-112 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल



**नैनपुर।** मण्डला के थाना नैनपुर क्षेत्र में सालीवाड़ा मॉल गाँव में रोड किनारे परित्यक्त अवस्था में एक नवजात बच्ची मिली है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति छोड़कर चला गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 06-12-2024 को देर रात 04:20 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल नैनपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक उत्तम कुर्वेती एवं पायलट प्रदीप ने मौके पर पहुँचकर नवजात बच्ची को संरक्षण में लिया। डायल-112 स्टाफ ने नवजात बच्ची को तत्काल एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर नैनपुर अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ चाइल्ड वार्ड में नवजात बच्ची का उपचार किया जा रहा है। डायल-112 जवानों की तत्परता से देर रात नवजात बच्ची को समय पर उपचार मिला।

## स्टेडियम में दिया गया तीन दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण



**मण्डला।** वर्तमान में हमारे एकमात्र महात्मा गांधी मैदान के व्यवस्थित और खेलने नायक होने के बाद अब खेलों की गतिविधियों पर शुरू हो चुकी हैं।और इसी के अंतर्गत क्रिकेट के क्षेत्र में वाई एफ सी अकादमी के द्वारा तीन दिवसीय प्रैक्टिस सेशन महात्मा गांधी मैदान में लगाया जा रहा है। जिसमें महाराष्ट्र की टीम यहां पर आएंगी और अकादमी के अंडर 18 के बच्चों के साथ फ्रेंडशिप मैच होंगे। अकादमी का उद्देश्य यहीं है कि अपने लेवल से आगे बढ़कर डिविजनल, स्टेट लेवल की टीमों को बुलाएं और उनके साथ मैचेज खेले। तो एक बहुत बेहतरीन प्रयास यहां पर वाय एफ सी अकादमी के फाउंडर मयंक अग्रवाल, कोच रवि साहू राहुल और सभी टीम मेंबर्स का है कि मंडला में बेहतर क्रिकेट को प्रमोट किया जाए। दिनांक 7,8,9 दिन शनिवार, रविवार, सोमवार इन तीन दिनों तक नागपुर की टीम यहां पर आकर अंडर 18 ग्रुप के बच्चों के साथ मैचेस खेलेगी और अब यह सिलसिला शुरू हो जाएगा बच्चों को एक बेहतर मंच प्रदान करने का और हम सभी का यह प्रयास है कि एक अच्छा मंच बच्चों को प्रदान कर सके।

# इंग्लिश मीडियम विद्या निकेतन स्कूल में लगा बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

बिछिया विकासखंड के अंतर्गत ककैया के विद्या निकेतन इंग्लिश स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में बच्चों ने सहभागिता की। स्कूल प्रांगण में दुकानें लगाकर लोगों का मन मोहा मेले में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉक्टर अशोक मर्सकोले सरपंच ममता मरकाम रहे,इसके अलावा शा,सर्वो उच्चतर माध्यमिक शाला, बालक. कन्या शाला स्कूल माध्यमिक शाला स्कूल ,सरस्वती शिशु मंदिर ,के बच्चे स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्यतः विद्या निकेतन इंग्लिश स्कूल के संचालक रवि नंदा , विद्या निकेतन स्कूल का पूरा स्टाफ और लगभग 100



अभिभावक बाल मेले में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के संचालक रवि नंदा ने बाल मेला में उपस्थित समस्त जनों का आभार व्यक्त किया।

## अभाविप ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस



**नैनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय इकाई नैनपुर द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस पर शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर एवं उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता अभाविप मंडला विभाग संगठन मंत्री,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामाधार सिंह बैंस उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का संविधान में लिखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है बाबा साहेब ने अपना जीवन बहुत ही कठिन परिस्थितियों में गुजर एवं अनेक विसंगतियों को झेला इसके पश्चात भी उन्होंने हार ना मानते हुए शिक्षा ग्रहण करी और आज पूरे विश्व में उनका नाम प्रख्यात है। उन्होंने विश्व का सबसे बड़ा हस्तलिखित संविधान जो कि भारत का संविधान है। उसे लिखा उन्होंने अनेक डिग्रियां हासिल की एवं समाज में फैल रही विसंगतियों को दूर करने के लिए सतत प्रयत्न किया एवं समाज में समरसता स्थापित करने के नए आयाम समाज को दिए। अंत में वंदे मातरम गीत के पश्चात कार्यक्रम का विधि वत समापन किया गया।

## विधायक नारायण सिंह पट्टा की उपस्थिति में हुई नगर परिषद सामान्य सभा बैठक

*** आर्थिक संशाधन प्रशस्त करने लिए गए निर्णय।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर परिषद के सभा कक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम सिंह ओड़ाली के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष चित्रा धुर्वे का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 59 के आधीन बैठक की अध्यक्षता रानू रणधीर सिंह राजपूत के द्वारा की गई इस अवसर पर विधान सभा बिछिया के विधायक नारायण सिंह पट्टा की उपस्थित में प्रमुख रूप से निकाय की आर्थिक स्थिति को दष्टिगत रखते हुये निकाय के आय प्राप्त के स्त्रोत की समीक्षा करते हुये राजस्व वसूली एवं निकाय मद से नवीन दुकानो का निर्माण कार्य बाजार क्षेत्र बिछिया में किया जा रहा हैं जिसके तहत नीलामी प्रक्रिया की औचारिकताए् पूर्ण करते हुये निकाय की आर्थिक स्थिति को सुदृण बनाए जाने पर एवं निकाय की राजस्व वसूली हेतु निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया । निकाय क्षेत्रांतर्गत निरंतर निकाय की शासकीय रिक्त भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के द्वारा कब्जा किया जा रहा जिसके अंतर्गत 8 स्थानों को चिन्हीत किया गया और सर्वसम्मति से रिक्त शासकीय भूमियों को कब्जा मुक्त करते हुये राजस्व विभाग से निकाय के अधिपत्य में किये जाने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया हैं एवं निकाय के चल रहे निर्माण कार्यो में ठेकेदारों के द्वारा कार्य आरंभ एवं अपूर्ण कार्यो को समयसीमा में पूर्ण करने हेतु अध्यक्ष द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही ठेकेदारों को नोटिस तलब करने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया जिससे निकाय क्षेत्र के महत्वपूर्ण कार्य रोड नाली विकास कार्य पूर्ण हो सके इस प्रकार विविध निर्धारित एजेडो में चर्चा की गई उक्त बैठक में पार्षद प्यारे लाल कोराम, त्रिवेणी तेकाम, विकास गवले, रजनी मरावी, चेतना राजपूत, नरेश कल्लू कसार, नारायणी साहू, पूनम रजक, शशिकांत श्रीवास्तव, हर्षलता श्रीवास, नरेन्द्र उइके, बैठक का संचालन एवं विविध एजेंडों से परिषद को एच.आर. कुरैशी उपयंत्री के द्वारा अवगत कराया गया साथ ही प्रस्ताव लिपकीय कार्य घनश्याम चौहान के द्वारा संपादित किया गया हैं उक्त बैठक में वार्ड क्रमांक 06 के नागरिकों ने पेयजल की समस्या हेतु परिषद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसका त्वरित समाधान पूर्ण निराकरण करते हुये आश्वासन दिया गया इसी प्रकार अन्य शिकायतों का निराकरण परिषद के समक्ष रखे गये जिसका निराकरण परिषद की सर्व सम्मति से किया गया हैं जो उल्लेखनीय कदम हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्रभारी कर्मचारी अशोक यादव, प्रसन्न यादव, संजय सरोते, नारायण सिंह परते, सौरभ भारतीया, अवन बिसेन, दीपक रजक, मनोज निगम व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**आयोजन** | **केंद्रीय विद्यालय में आयोजित की गई वार्षिक खेल प्रतियोगिता**

# नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित की गई प्रतियोगितायें






*** जुम्बा डांस ने मोहा सबका मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी विद्यालय में खेलकूद के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस होता है, जब हम पढ़ाई की चिंताओं को भूलकर खेलकूद की गतिविधियों में भाग लेते हैं। हमें खेल भावनाओं के साथ खेलते हुए खेल गतिविधियों को बढ़ाना है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा शुक्रवार को पीएम केंद्रीय विद्यालय मंडला में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पीएम केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य आरके उलाड़ी, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्राएं सहित अभिभावकगण मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित और झंडा पहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कलेक्टर सोमेश ने कहा कि विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता इस बात का परिचायक है कि हम खेलकूद के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। हम पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद संगीत और भी क्षेत्र में अपना केरियर बना सकते हैं। उन्होंने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरुस्कृत किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मुख्य अतिथि का आगमन, वेलकम बाय कलर पार्टी, लाइटिंग ऑफ लैंप, सरस्वती वंदना, ग्रीन वेलकम, वेलकम एड्रेस बाय द प्रिंसिपल, वेलकम सांग, टॉर्च रिले, मार्च पास्ट, जुंबा, योगा, कराते और स्पोर्ट इवेंट के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

# युवक की निर्ममता के साथ हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेते हुये घटना स्थल पर पुनरावृति कराते हुये जानी सच्चाई, घटना के पूर्व मृतक द्वारा दिया गया आवेदन बना चर्चा का विषय..?






**गाडरवारा।** शांति प्रिय माने जाने वाले नगर में जिस तरह बीते हुये गुरूवार को जिस तरह एक युवक की भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र पानी टंकी के पास दिन दहाड़े निर्ममता से हुई घटना ने निश्चित तौर से नगर की कानून व्यवस्था को कट घरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर नगर में इस घटना को लेकर दहशत का महौल देखने मिल रहा है। घटना के दूसरे दिवस पुलिस द्वारा आरोपी को अपनी हिरासत में लेते हुये जहां घटना स्थल पर ले जाकर घटना की सच्चाई जानने के लिये घटना की पुनरावृति कराते हुये सच्चाई जानने का प्रयास किया गया है।

मगर अभी तक पुलिस द्वारा इस बात का खुलासा नही किया गया है कि घटना की सच्चाई का कारण क्या है और इस हत्या कांड में हिरासत में लिये गये युवक के आलवा अन्य आरोपी कितने है..? वही दूसरी ओर घटना के दूसरे दिन यानि की शुक्रवार को जब पुलिस द्वारा मृतक मधुर चौरासिया को शव पोस्ट मार्टम के उपरांत परिजनों को सौपा जाने लगा तो परिजनों द्वारा पुलिस पर उदासीनता का आरोप लगाते हुये शव लेने से इंकार किये जाने के कारण नगर के शासकीय चिकित्सालय में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी हुई देखी गई। इस तरह नगर में घटित हुई घटना के चलते पैदा हुये सनसनी की महौल को ध्यान में रखते हुये शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा गाडरवारा के आलवा समीपस्थ थाना डोगरगांव, सांईखेड़ा सहित सालीचौका पुलिस चौकी से बुलाया गया पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जब मृतक के परिजन न्याय की मांग करते हुये शव लेने से इंकार कर रहे थें तो पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया गया। मगर इसके बाद स्थिति बिगड़ते हुये देख जब डोगरगांव थाना प्रभारी उमेश तिवारी तथा सालीचौका चौकी प्रभारी एस आई रवि उपाध्याय द्वारा उन्हें कार्यवाही का पूरा भरोसा दिलाया गया तब कही वह शव लेने के लिये तैयार हुये और मृतक के शव को लेकर शमशान घाट पहुंचे जहां पर पुलिस बल की मौजूदगी के दौरान अंतिम संस्कार किया गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र के समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव द्वारा भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुये पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही गई। इस दौरान मृतक के परिजनों द्वारा गाडरवारा थाना पुलिस पर उदासीनता का आरोप लगाते हुये कहा गया कि मृतक मधुर द्वारा बीते हुये 3 दिसम्बर को आरोपियों के खिलाफ परेशान किये जाने की बात को लेकर आवेदन दिया गया था यदि पुलिस द्वारा समय रहते हुये कार्यवाही की गई होती तो निश्चित यह घटना घटित होने से रूक सकती थी..? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा तथा परिजनों द्वारा मृतक मधुर द्वारा पुलिस थाने में दिया गया आवेदन दिखाते हुये बताया जिसमें उल्लेखित किया गया है कि मृतक मधुर चौरासिया द्वारा लगभग 8-10 माह पहले विकास कुचबंदिया से 40 हजार रूपया ब्याज पर किया गया था जिसके बदले में 1 लाख 40 रूपया वापिस कर दिया गया है। इसके बाद मेरी गुजाईश न होने पड़ने के कारण मूल राशि 40 रूपया बात कही गई थी। मगर विकास द्वारा उसमें 30 ब्याज तथा 40 हजार मूल राशि कुल मिलाकर 70 हजार रूपया की और मांग करते हुये जब 3 दिसम्बर को मृतक पानी टंकी के पास था तो विकास कुचबंदिया द्वारा कहा गया कि कहा गया कि एक घंटे के अंदर यदि रूपया नही दिये तो ठीक नही होगा। वही वायरल हो रहे आवेदन पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा मृतक का बैक आफ बडौदा के एक हस्ताक्षर किया गया खाली चैक रखे हुये है जिसको बाउंस कराने की धमकी दी जा रही है। इस तरह वायरल हो रहे मृतक द्वारा दिये गये आवेदन में विकास कुचंदिया के खिलाफ कार्यवाही की बात कही जा रही है। इस तरह शोसल मीडिया पर वायरल हो रहे आवेदन पर मात्र रिसीव लिखा हुआ है मगर किसी तरह से कोई शील दिखाई नही दे रही है? इस आवेदन को लेकर जहां परिजनों का कहना है कि मृतक मधुर द्वारा आरोपी से तंग होकर पुलिस थाने में दिया गया था जिस पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई यदि कार्यवाही की गई होती तो यह घटना घटित नही होती..? वही दूसरी ओर इस संबंध में थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि इस तरह का आवेदन थाने में दिया ही नही गया है। यदि थाने में दिया गया होता तो इस पर सील लगी होती इस तरह पुलिस थाना प्रभारी द्वारा मृतक द्वारा घटना के पूर्व किसी भी तरह से आवेदन देने की बात को लेकर इंकार किया जा रहा है..। खैर आवेदन की सच्चाई क्या है इसे तो पुलिस ही जाने..? वायरल हो रहे आवेदन पत्र की सच्चाई की हरिभूमि द्वारा पुष्टि भी नही की जाती है। मगर परिजनों सहित आमजन का कहना है कि जब पुलिस थाने में आमजन द्वारा किसी शिकायत को लेकर आवेदन दिया जाता है तो थाने में सील की जगह मात्र इसी तरह रिसीब लिखकर एक काफी प्रदान कर दी जाती है पुलिस थाने द्वारा आवेदन के संबंध में प्राप्त की जाने वाली पावती पर सील लगवाकर प्राप्त करना असान काम नही होता है..? वही मृतक के परिजनों का कहना है कि मधुर द्वारा दिये गये आवेदन की सच्चाई तो पुलिस थाने के साथ साथ इस मार्ग पर जहां तहां लगे हुये केमरों से ही स्पष्ट की जा सकती है। क्योंकि मा.न्यायालय के आदेश के चलते हर पुलिस थानों में केमरे इसी के चलते लगवाये गये है..? परिजनों का आरोप है कि पुलिस की उदासीनता के चलते घटित हुई इस घटना के चलते पुलिस द्वारा अब आवेदन की बात को लेकर झूठ बोला जा रहा है..? सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे आवेदन की क्या सच्चाई है इसे तो भगवान ही जाने। मगर जिस तरह बीते हुये कुछ दिनों से नगर की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था तथा मुख्य रूप से पानी टंकी क्षेत्र की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया जा रहा है। इसके बाद भी पुलिस द्वारा ध्यान नही दिया जाना निश्चित तौर से पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि पानी टंकी क्षेत्र जहां नगर का प्रमुख केन्द्र बन चुका है वही दूसरी यहां पर दिन पर तत्वों का जमावड़ा लगे रहने की सच्चाई को पुलिस थाने के छोटे से लेकर बडे अधिकारी को भी मालूम होने के बाद भी इस ओर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि इस तरह की घटनाये जन्म लेते हुये देखा जाने लगा है? क्योंकि इस समय नगर मादक पदार्थो के अवैध कारोबार से लेकर सूधखोरी करने वालों के चंगुल में युवा पीढ़ी इस तरह जकड़ चुकी है कि उससे बाहर निकलने के लिये वह अपराध की दुनिया की ओर अपने कदम बढ़ाने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है..? मगर इस सच्चाई से पेहरेदारों द्वारा नगर अंदाज करना अब इस नगर की शांति प्रिय माने जाने वाली पहचान को ग्रहण लगते हुये दिखाई देना शुरू हो चुका है। इस तरह नगर में दिन दहाड़े घटित हुये निर्ममता पूर्ण हत्याकांड की घटना ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न लगाते हुये नव नियुक्त पुलिस अधिकारियों की कार्य कुशलता को भी कटघरे में खड़ा कर दिया गया है..?

## खबर संक्षेप

### नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री

**सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है। मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आना जाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है?

### जब बैंको के पास पार्किंग के लिये जगह नही तो फिर सड़क किनारे स्थापित करने की अनुमति क्यों ...

**कौड़िया।** आये दिन बैको द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जाती है उनका लाभ किस स्थिति में उनको मिल पाता है यह बात किसी से छिपी नही है? यदि बैक की व्यवस्थाओं पर गौर किया जावे तो किसी भी उपभोक्ता का कार्य बगैर दलाल के माध्यम से हो पाना संभव होता हुआ नही देखा जाता है? जिसके चलते आये दिन क्षेत्र के लोगों को बैक के चक्कर लगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि शासन द्वारा बैंकों के माध्यम से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जब तक किसानों तक पहुंचती है तब तक या तो योजनाएं बंद हो जाती है या फिर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेती है। इतना ही नही यदि क्षेत्र के लोगों को बैक संबंधी में योजना का लाभ लेने का मौका मिल भी जाता है तो बैकों में बैठे अधिकारियों द्वारा उनसे सीधे मुंह बाते नही करते है जिसके चलते मजबूरी बस क्षेत्र के लोगों को बैकों द्वारा नियुक्त किये गये तथा कथित दलालों के पास पहुंचने मजबूर हो जाता है जिसके चलते बैकों द्वारा इन दलालों से फिक्स किये गये अपने प्रतिशत के बाद ही किसान इस प्रकार से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का लाभ लेते हुए देखे जा रहे ह? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि बैकों द्वारा अपने ग्राहको को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान नही किये जाने के कारण या तो ग्राहक रोड पर खड़े होकर बैकों में अपनी कार्य पूर्ण करने का इंतजार करते रहते है? जिसके कारण उनकी जान को पूर्णरूप से खतरा जान पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय कौडिया इलाहाबाद बैक में देखने मिल रही।

## सालीचौका क्षेत्र में उर्वरक की कालाबाजारी करते हुये पकड़े गये चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मामला, 35 बोरी एनपीके खाद किया गया था जप्त

**सालीचौका।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सघन उर्वरक गुण नियंत्रण रबी वर्ष 2024- 25 के तहत उर्वरकों के अवैध भंडारण, परिवहन एवं कलाबाजारी रोकने के लिए जिले में दल का गठन किया है।





बताया जाता है कि इस गठित दल में नोडल अधिकारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी, उर्वरक निरीक्षणा पीएस कौशल तथा सहयागी कृषि विस्तार अधिकारी विकास वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से डबल लॉक केन्द्रों और सालीचौका के प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए जाते समय ग्राम मोहपा में कुछ दिनों पहले एक पिकअप वाहन क्रमांक एपी 20 जीबी 5684 के संचालक अजय कुर्मी निवासी गाडरवारा के वाहन में बालाघाट के दिनेश नगपुरे द्वारा एनपीके 12:32:06 निर्माता चातक एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. इंदौर बैच नंबर एच 09 एमएफडी/ एनओव्ही पकड़ा गया था। इस दौरान टीम द्वारा बालाघाट के दिनेश नगपुरे से जब उर्वरक संबंधी दस्तावेज पूछे गये। संबंधित द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। जिसके चलते कृषि विभाग की टीम द्वारा वाहन को जप्त करते हुये पुलिस चौकी में खड़ा कराते हुये जप्त किये माल का पंचनामा बनाने के बाद आगे पूछताछ करने पर बताया गया कि उनके द्वारा विकास खंड सांईखेड़ा के ग्राम दहलवाड़ा में




कुछ कृषकों को उवरक विक्रय करके आ रहे हैं। इस संबंध में विकास खंड सांईखेड़ा के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रामकरण पाटीदार और कृषि विस्तार अधिकारी लोकेश चौहान को बुलाकर ग्राम दहलबाड़ा के कृषकों के यहां पहुंचकर उनके कथन लिये गये। इस बात की पुष्टी की गई कि दिनेश नगपुरे बालाघाट द्वारा खाद के विक्रय का कार्य किया गया है और अवैध भंडारण एवं उर्वरक परिवहन किया जाना पाया गया। इसी के चलते उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 (2) (घ) एवं धारा 7 का उल्लंघन किया जाना पाया गया। उपरोक्त उर्वरक से भरी पिकअप एमपी 20 जीबी 5684 रात्रि 9 बजे पुलिस थाना गाडरवारा में सुरक्षा के लिए खड़ी की गई है। बालाघाट जिले के वारासिवनी के झाडगांव निवासी चैनलाल नगपुरे के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार उर्वरक स्कंध को डबल लॉक केन्द्र गाडरवारा में अभिरक्षा में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उर्वरक की कालाबाजारी करने पर 3 के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

## नगर से लेकर गांवों में यदि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने की संभावना से नही किया जा सकता इंकार..?



**गाडरवारा।** निश्चित तौर से देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरू आत की गई थी जिसके पीछे उनकी सोच थी कि अनेक लोग इस तरह से है जो अपने परिवार के साथ कच्चे व खस्ता स्थिति में पहुंच चुके मकानों में निवास करने के साथ साथ उनके बच्चों की जिन्दगी खतरे से खाली नही है। इस तरह यह लोग कभी भी पक्के मकानों में रहने का सपना नही संजो सकते थें। यदि इस योजना का लाभ सही रूप से वास्तविक पात्र हितग्राहियों को मिल जावे तो निश्चित तौर से उनके चेहरों पर खुशी देखने नही चूक पायेगी? क्योंकि देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुये शुरू की गई इस योजना का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों को मिलने की जगह धनवान लोग अधिक लेते हुये देखे जा रहे है? इसी के चलते निश्चित तौर यह गरीब व जन हितैषी योजना गरीबों की जगह अधिकारियों से लेकर अमीर प्रभावशालियों के लिये कामधेनू बनने से नही चूक रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अभी तक शहर गांवों में इस योजना के तहत बनाये गये आवासों की निष्ठा के साथ जांच की जावे तो अनेक इस तरह के लोग आसानी से मिल सकते है जिनके पास पहले से ही पक्के आवास होने के बाद भी इस योजना का लाभ लेकर जहां उनके द्वारा अपने भवनों को हबेली का रूप दे डाला है तो दूसरी ओर अनेक वास्तविक हितग्राही आज भी इस योजना का लाभ लेने के लिये भटकते हुये देखे जा रहे है तो कुछ लोगों के हाल तो इस प्रकार से है कि एक ही परिवार में रहते हुये अलग अलग नामों से इस योजना का लाभ लेते हुये शानदार बिल्डिंगे खड़ी कर डाली है? इस तरह आवास योजना में चल रहे गफलतबाजी की सच्चाई पर यदि गौर किया जावे तो इसमें अधिकारियों की अहिम भूमिका सामने आने से नही बच पायेगी? क्योंकि शासन के अधिकारियों द्वारा शहर में आवास योजना के नाम पर बांटे गये पट्टो का हाल तो इस तरह चर्चाओं में सुनाई दे रहा है कि नगर में एक ही परिवार में अलग अलग लोगों को पट्टे प्रदान करते हुये इस योजना का लाभ दिया जा रहा है तो कुछ इस तरह के भी मिल सकते है जिनके परिवार में लोग सरकारी नौकरी के साथ साथ इनकम टेक्स भरने के बाद भी इस योजना का लाभ लेने की सूची में अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते पात्र हितग्राही बन गये है? इतना ही नही प्रधान मंत्री आवास योजना की सूची में उन लोगों को भी शामिल किये जाने का प्रावधान था जिनके पास कच्चा मकान है या फिर कम से कम 450 वर्ग फुट जमीन है उन लोगों को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाना था। मगर जनचर्चाओं में सुनने मिल रहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से मात्र चंद फिट जमीन धारियों से लेकर जिन लोगों के परिवार जन सरकारी नौकरी कर रहे है उन हितग्राहियों को इस योजना में शामिल करते हुये राशि प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि अधिकारियों द्वारा आवास योजना का निर्माण करने के लिये निर्धारित मात्रा में जिन लोगों के पास भूमि ही उपलब्ध नही है तो फिर शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि से वह आवास बनाने से तो रहे निश्चित तौर से वह राशि दुरूपयोग होने से नही बच पायेगी? इसी के चलते मांग उठाई जा रही है कि नगर लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले सभी पात्र हितग्राहियों की सूची सार्वजनिक रूप से उजागर करते हुये इसकी निष्ठा के साथ जांच कराई जावे? यदि आवास योजना के हितग्राहियों की जांच होती है तो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत अनेक तरह से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी तो दूसरी ओर अनेक अधिकारी बेनाकाब हो जावेगे? क्योंकि अनेक लोगों को आवास योजना के तहत शासन द्वारा राशि प्रदान किये जाने के बाद भी उनके यहां किसी भी तरह से कोई आवास का निर्माण नही हुआ है अपने पुराने आवासों पर सिर्फ योजना का नाम लिखबाते हुये शासन की राशि हडपने में कोई कसर नही छोड़ रहे है?

## पाली की प्राथमिक शाला में किया बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण



**गाडरवारा।** शुक्रवार को समीपस्थ साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला मे डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाई गईं। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी के सौजन्य से शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक डॉ दामोदर जैन ने शाला के बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। इस अवसर पर सरस्वती वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जैन ने कहा कि शिक्षक संदर्भ समूह का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल खेल मे शिक्षा देकर स्कूलों को आनंद घरो के रूप मे विकसित करना है। वही उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपना पूरा फोकस बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने पर ही करना चाहिए क्योंकि यदि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी तभी उनका भविष्य भी उज्जवल बनेगा। वैसे भी ग्राम पाली की यह शाला बच्चों को नवाचार युक्त शिक्षा देने मे बेहतर कार्य कर रही है यहाँ का शेक्षणिक वातावरण पढ़ाई के एकदम अनुकूल है। इस अवसर पर बीएसी पवन राजौरिया ने कहा कि पाली की यह शाला शिक्षकों के परिश्रम की बदौलत उन्नति की ओर है। कार्यक्रम मे शाला के प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी ने उपस्थित जनो का स्वागत किया एवं शिक्षक ब्रजेश श्रीवास ने आभार व्यक्त किया।


## कल्याणपुर में विद्यार्थियों को साईकिलें मिलने से उनके खिले चेहरे



कल्याणपुर।

क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने बीते हुये शुक्रवार को ग्राम कल्याणपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया । कार्यक्रम में विधायक पटेल ने कहा कि शिक्षा से हमारा मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास होता है। शिक्षा से हमें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील और अच्छा बिज़नेस मेन बनने में मदद मिलती है। शिक्षा से हमें सही जनप्रतिनिधि चुनने में मदद मिलती है। इस अवसर पर चौधरी धीरसिंह, राव वीरेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, सीमांत राजपूत, अशोक कोचर, चरणजीत पटेल, सरदार पटेल, राजेश ममार, ओमकार कौरव, अनिरुद्ध राजपूत, आकाश राजपूत, श्रवण कौरव, दीपक कौरव सहित प्राचार्य ओम प्रकाश कौरव एवं स्टाफ सहित संस्था की छात्र छात्रायों के आलवा ग्रामीणजन मौजूद थें।

## स्कूलों मे सड़ रहे कम्प्यूटर, शिक्षा विभाग की योजना पर लगा प्रश्न चिन्ह?



**गाडरवारा।** शिक्षा के क्षेत्र में कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक क्षेत्र के अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है, तो कई कोठरी मे बंद पडे है जो आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ाने से नही चूक पा रहे है, वही कई गांवों के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को तो इन कम्प्यूटर के क्षेत्र मे ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण वह छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से अवगत नही करा पा रहे है

क्योंकि शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है? इतना ही नही अज्ञानता वश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेली विजन देखने मिला है जो शायद कभी चालू होगा, आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है। इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लियें शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है। परंतु प्राध्यापकों द्वारा राशि का बंदर बाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है, इस प्रकार वह स्कूलों मे रखें रखें सड़ रहे है। कई स्कूलों में तो लाईट की व्यवस्था तक नही है, फिर भी उन स्कूलों में कम्पूटर उपलब्ध है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर शासन द्वारा कम्प्यूटर शिक्षा के नाम पर पैसा क्यों खर्च किया गया है, जो आज स्कूलों में मात्र शोभा की सुपारी के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूक पा रहे है?

## खबर संक्षेप

### डी.जे. संचालन के संबंध में निर्देश जारी

डिंडोरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डिण्डौरी के निर्देशानुसार लेख है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार किसी भी सामाजिकध्धार्मिकध्सांस्कृतिकध्राजनैतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में डी० जे० संचालन प्रतिबंधित एवं म०प्र० कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत अस्पताल, न्यायालय, शाला, शासकीय कार्यालय, बैंक आदि की 200 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर संचालन रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित है। अतः माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार एवं म०प्र० कोलाहल नियत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत किसी भी सामाजिक धार्मिकध्सांस्कृतिकध्राजनैतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में निर्देश का पालन करना अनिवार्य है। अनुविभागीय अधिकारी डिंडोरी द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक बताया गया कि किसी भी स्थिति में कार्यक्रम में ध्वनि सीमा 50-60 डेसीबल से अधिक ना हो, किसी भी कार्यक्रम में या वाहन में दो बाक्स या दो लाउड स्पीकर से अधिक ना लगाये जाये, विवाह कार्यक्रम में 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का का प्रयोग ना करें, विवाह या कार्यक्रम आयोजक के द्वारा दबाव डालने पर निकटतम थाने में सूचना दे। विवाह या कार्यक्रम आयोजक के द्वारा यदि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जाता है या करवाया जाता है तो कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन समेत ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं उपकरणों का जप्त किया जाकर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्देशों के उल्लंघन की दशा में 6 माह तक की सजा या 1000 रु तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

### प्रबंधक म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम डिंडौरी को किया कारण बताओ नोटिस जारी

डिंडोरी। उप संचालक कृषि ने प्रबंधक म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम डिंडोरी को बीज नमूना प्रयोगशाला से परीक्षण का परिणाम अमानक पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के मुताबिक बीज निरीक्षण विकासखण्ड डिंडोरी द्वारा म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम डिंडोरी से बीज नमूना लेकर परीक्षण हेतु भेजा गया था। जिसमें कार्यालय बीज परीक्षण अधिकारी प्रयोगशाला जबलपुर म.प्र. के पत्र अनुसार उक्त बीज का नमूना प्रयोगशाला से परीक्षण पश्चात प्राप्त परिणाम अमानक है। अतः उक्त संबंधित लॉटध्बैच को जिले में क्रय-विक्रय भंण्डारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जा चुका है। उक्त अमानक बीज विक्रय करना बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 की धारा 15 एवं 15 (क) (स) का पूर्णतः उल्लंघन है। अतः प्रबंधक म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम डिंडोरी को अपना प्रतिवेदन मय दस्तावेज एवं बीज वितरण की कृषक सूची, कारण सहित 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान को लेकर हुआ कार्यक्रम



अमरपुर। सीएम राईज स्कूल अमरपुर में लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए ष्हम होंगे कामयाबष् जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पोक्सो एक्ट साइबर क्राइम, गुड टच बेड टच, यातायात नियम, नशे के कुप्रभाव एवं भारतीय न्याय संहिता के संबंध में बालिकाओं को संबोधित कर जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी अतुल हरदहा, पुलिस चौकी स्टाफ के अलावा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पीएमश्री हाई स्कूल बिलगांव में भृत्य ना होने से छात्र छात्राएं कर रहे स्कूल में सफाई

*पालक,छात्र सहित प्रतिनिधियों में जमकर नाराजगी*

*मामला डिंडोरी जिला के शहपुरा पीएम श्री हाई स्कूल बिलगाँव का*







शहपुरा — भारत सरकार के द्वारा आदिवासी जिला डिंडोरी में बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए विद्यालय खुलवाकर व्यवस्था करने में लगे हुए हैं लेकिन डिंडोरी जिला के शाहपुरा क्षेत्र ग्राम बिल गांव में पीएम श्री हाई स्कूल बिलगांव के विद्यालय का हाल कुछ अलग ही है जहां लगभग 200 बच्चे छठवीं से लेकर दसवीं तक अध्ययन करते हैं लेकिन वहां शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को पढ़ाई में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है साथ ही स्कूल के छात्राओं ने जानकारी में बताया कि स्कूल में एक भी चपरासी अभ्यर्थी नहीं होने के कारण उन्हें से ही झाड़ू लगाना पड़ता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस और ना ही कोई ठोस कदम उठा रहे हैं और ना ही वहां कोई व्रत की व्यवस्था कर रहे हैं इस संबंध में ग्राम बेलगांव की उपसरपंच गुलाब प्रसाद साहू के द्वारा आवेदन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी डिंडोरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुरा व कलेक्टर डिंडोरी को भी इस समस्या को लेकर कई बार अवगत कराया गया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अभी तक इस और कोई ध्यान नहीं दिया है इसमें छात्र शिक्षक व पलकों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है अब देखना यह होगा कि कब तक जिले में बैठे अधिकारी इस और ध्यान देंगे और कब तक इस पीएम श्री हाई स्कूल बेलगाम का समस्या हल होगा।

### इनका कहना है

पीएम श्री हाई स्कूल बिलगांव में भ्रत्य और शिक्षक की कमी के लिए मेरे द्वारा ब्लॉक से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी,कलेक्टर को भी इस समस्या को लेकर लिखित आवेदन दिया है लेकिन अभी तक इस स्कूल की समस्या जस के तहत बनी हुई है।

**गुलाब साहू उप सरपंच ग्राम बिलगांव**

यहां पढ़ाई अच्छी होती है लेकिन यहां शिक्षक की कमी है और इतनी बड़ी स्कूल में एक भी चपरासी नहीं है इस कारण हम खुद छात्र छात्राएं यहां स्कूल की साफ सफाई खुद ही करते हैं इसलिए जल्द से जल्द यहां एक चपरासी की नियुक्ति की जाए।

**छात्रा - पीएम श्री हाई स्कूल बिलगांव**

स्कूल के शिक्षा व्यवस्था बिगड़ी हुई है यहां पर हमारे बच्चे स्कूल आते हैं और खुद ही झाड़ू लगाते हैं जबकि यहां पर एक भ्रत्य की नियुक्ति की गई थी अब वह भ्रत्य को भी एसडीएम कार्यालय में अटैच किया गया है जिस कारण से स्कूल में एक भी चपरासी नहीं है चपरासी और शिक्षक की जल्द व्यवस्था की जानी चाहिए।

**रवि शंकर साहू पालक ग्राम बिलगांव**

# साइकिल रैली से हुआ फिट इंडिया स्कूल सप्ताह का आगाज





डिंडोरी — विगत दिवस पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी द्वारा फिट इंडिया स्कूल सप्ताह का आगाज साइकिल रैली से किया गया। जिसमे कक्षा छः से आठवीं कक्षा तक के छात्र - छात्राओ ने शिरकत कि। बता दें कि स्कूल रैली पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी से होते हुये बायपास मार्ग, ग्राम औरई और बड़ा सुबखार होते हुये वापस केंद्रीय विद्यालय पहुंची।

इस दौरान छात्र - छात्राओं का जोश देखते ही बनता था और छात्र - छात्राये बीच - बीच मे फिट इंडिया - फिट इण्डिया के नारे लगा रैली मे शामिल अन्य छात्र - छात्राओं मे एक नई ऊर्जा का संचार कर रहे थे। रैली मे कक्षा सातवीं कि छात्रा आराध्या विश्वकर्मा ने बताया कि फिट इंडिया स्कूल सप्ताह मे साइकिल रैली का नाम सुनते ही वह बेहद खुश हो गई थी, और जब वह रैली मे शामिल हुई तो उन्हें ऊंची - नीची और दुर्गम सड़कों मे साइकिल चलाने मे बेहद मजा आया। तो वही स्पोर्ट ऑफिसर हरिश बहोरिया ने बताया कि फिट इंडिया स्कूल सप्ताह कि साइकिल रैली का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों मे निवासरत नागरिकों को स्वस्थ भारत और स्वस्थ जनजीवन का सन्देश देना था,उन्होंने यह भी बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट कि शुरुआत देश के प्रधानमंत्री ने 29 अगस्त 2019 को कि थी, जिसका मकसद लोगों को अपने दैनिक जीवन मे शारीरिक गतिविधि और खेल को शामिल करने के लिये प्रोत्साहित करना है। इस दरमियाँ स्कूल रैली मे आर्ट्स टीचर अमित कुमार, म्यूजिक टीचर अमर दीक्षित और पीआरटी सोनिया चावला छात्र - छात्राओं का हौसला अफजाई करते रहे।

## सीएम के नाम भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



शहपुरा- इन दिनों मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देश से राजस्व महाअभियान 3.0 जारी किया गया है जिसमें नक्शा, खसरा सुदृढीकरण, नामांतरण, बटबारा, का कार्य अभियान के तहत किए जा रहे है ।जिसमें किसान के सामने कई समस्या आ रही है जैसे खसरा में पूरा नाम न होने व आधार कार्ड में पूरा नाम होने के कारण फार्मर आई.डी. नही बन पा रही है ऐसे ही राजस्व के अनेको मामले है जो राजस्व कर्मचारीयों की गलती के कारण किसानों के राजस्व रिकार्ड त्रुटिपूर्ण हो गया है जिसे जल्द सुधार किया जावे ।इसी प्रकार आधार कार्ड व भू-अभिलेख आधार पट्टा में नाम मिस मेच होने के कारण किसान फार्मर आईडी नही बन पा रही है आधार कार्ड के हिसाब से भू-अभिलेख पट्टा में नाम संसोधन किया जावे।

किसान फार्मर आईडी बनाते समय किसान का आधार कार्ड और भू-अभिलेख पट्टा में नाम सही है लेकिन स्वयं का जमीन शासकीय भूमि सो हो रहा है। इस कारण फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है।जल जीवन मिशन के तहत बिलगढ़ा बांध में 50 से अधिक मजदूर काम कर रहे है जो कि शौचालय न होने के कारण जलाशय से लगे खुले में शौच करते हुये गंदगी फैला रहे है।ढोंढ़ा ग्राम प्रधानमंत्री सड़क एवं कच्ची मार्ग डम्फर हाइवा गाड़ी फुल लोडिंग चलने के कारण रोड धसक (खराब) हो रहा है। एवं कच्ची रोड पर धूल उड़ रही है जो कि पूरे गांव को प्रदूषित कर रही है इसकी रोकने का उपाय किया जावे इससे गांव के लोगों को स्वास्थ्य पर असर पड़ने लगा।ढोंढ़ा गांव में लो बोल्टेज की समस्या होने के कारण किसान सिंचाई नही कर पा रहे है जिसमे जल जीवन मिशन ने इसी ट्रांसफार्मर से कनेक्शन लिया हुआ है

इसके लिये अलग से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था किया जावे।पीएम श्री शासकीय स्कूल बिलगांव में शिक्षको एवं भृत्य (चपरासी) की कमी है जिससे बच्चों को स्वयं साफ-सफाई करना पड़ता है।भृत्य रखा जाना आवश्यक है।इस ज्ञापन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू, जिलामंत्री एड.निर्मल कुमार साहू,शहपुरा तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्या रहे उपस्थित।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

डिंडोरी । कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज शुक्रवार को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम) सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अम्भोज श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक वेयर हॉउस श्री होतिलाल मरावी, सहायक आयुक्त सहकारिता श्री आर.के. उद्दे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में वर्तमान स्थिति में स्थापित धान उपार्जन केन्द्रों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि जिले में 22 धान उपार्जन केंद्र स्थापित किये गए है, बहुउद्देशीय कृषि साख समिति राई, कठोतिया एवं निघोरी (भानपुर) एवं कोकोमटा द्वारा विगत दो रबी तथा दो खरीफ सीजन की कुल घटी की सम्पूर्ण राशि जमा कर दी गई है तथा बहुउद्देशीय कृषि साख समिति कुकर्रामठ एवं लालपुर द्वारा सम्पूर्ण घटी राशि जमा करने एवं एफडी जमा नहीं की गई है, इसके साथ ही उक्त संस्थाएं बहुउद्देशीय कृषि साख समिति गाडासरई, हर्रा, बजाग, आमाडोंगरी तथा बम्हनी की जांच कार्य समीक्षा बैठक दिये गए निर्देशानुसार पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने उपस्थित ट्रांसपोर्टर्स से ट्रक वाहनों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने ट्रांसपोर्टर्स को तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित कृषि, सहकारिता एवं खाद्य विभाग तथा राजस्व के अमले को खरीदी केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति, कृषक समस्या को मौके पर निराकृत करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार सीमावर्ती इलाको में खाद्य , सहकारिता, पुलिस, राजस्व एवं मंडी स्तर से अधिकारियो को तैनात किया गया है। किसानो को समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिले इस हेतु जिला प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक प्रचार प्रसार की व्यवस्था से सम्बंधित फ्लेक्स, बैनर एवं पम्पलेट केन्द्रों पर दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाप तौल निरीक्षक को सभी केन्द्रों पर उपलब्ध तौल कांटे का कैलेब्रेशन समय पर करते हुए जिले के समुचित धर्मकांटों का भी सत्यापन कर रिपोर्ट खाद्य कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रों पर किसी भी प्रकार से जामवाडा न हो समय पर रेडी टू ट्रांसपोर्ट एवं परिवहन का कार्य सुनिश्चित हो, इस हेतु जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार सभी कार्य करें, आवश्यक होने पर सर्वेयर को एक स्थान से दुसरे स्थान पर भेजा जाए, अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। जिन केन्द्रों पर बारदानो में विसंगति हो उनका निस्तारण कर लिया जाए एवं सभी केन्द्रों पर आवश्यक बारदाने खरीदी के अनुपात में पूर्व से सुनियोजित ढंग से पूर्ति किया जाए। सभी समितियो के प्रबंधको को निर्देश दिए गए कि उपार्जन केन्द्रों में आकस्मात वर्षा एवं ओस से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध तिरपाल इत्यादि भरपूर स्टॉक में रखा जाए तथा परिवहन होने तक उपज के बचाव की समुचित जिम्मेदारी सम्बंधित संस्था एवं केंद्र प्रभारी की होगी। सिलाई मशीन एव धागे भरपूर केन्द्रों पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा स्टेनशिल, टैग प्रत्येक बोरो में किसान की पहचान हेतु लगाया जाए। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा कि शासन निर्देशानुसार जारी उपार्जन नीति में व्यवस्थित क्रम को ध्यान में रखते हुए गोदाम, कैप में केन्द्रों की व्यवस्था रखें व केन्द्रों पर सतत निगरानी रखे जाएं।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत छात्रावास में बालिकाओं को किया गया जागरूक



डिंडोरी।"हम होंगे कामयाब पखवाड़ा" के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान के तहत आज कस्तूरबा कन्या छात्रावास डिण्डौरी एवं अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास में बालिकाओं को जेंडर आधारित हिंसा की जानकारी दी गई, उन्हें जागरूक किया गया। प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर श्रीमती नीतू तिलगाम के द्वारा आपातकालीन हेल्पलाईन एवं सायबर अपराधों को कैसे सुरक्षित करें इस संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हे हेल्पलाईन के उपयोग के बारें में जागरूक किया गया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह के दुष्परिणाम, हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्ड लाइन (1098), वन स्टॉप सेंटर (सखी) हेल्पखलाईन नम्बर 7828195167, महिला हेल्प लाइन (181) के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेन्टर केस वर्कर श्रीमती रागिनी धुर्वे, विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चौरसिया एवं निकिता मरकाम भी मौजूद रहीं।

## कलेक्टर ने हल्दीकरेली क्षेत्र का किया निरीक्षण

डिंडोरी

कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज शुक्रवार को जिले के पर्यटन स्थलों को बेहतर करने एवं जिले में पर्यटन क्षेत्र की सम्भावनाओं को गति देने के उद्देश्य से विकासखंड समनापुर के हल्दीकरेली का निरीक्षण किया, हल्दीकरेली एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है, जहां बुढनेर नदी छोटे-छोटे जलप्रपात बनाती है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने पर्यटन से सम्बंधित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए स्थल का जायजा लिया। इस दौरान बिलाईखार ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि हल्दीकरेली प्राकृतिक स्थल है, जहां पर मकर संक्रांति पर मेला का आयोजन भी किया जाता है। स्थल पहुंच मार्ग में पुलिया न होने से पर्यटकों को असुविधा होती है। कलेक्टर ने हल्दीकरेली पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण, स्वच्छता के लिए डस्टबिन आदि की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि हल्दीकरेली में पर्यटन क्षेत्र में बढावा देने के लिए आवश्यक कार्य सुनिश्चित कराये जाएं। इसी तरह जिले के अन्य पर्यटनो का विस्तार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष पावनती कुसराम, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, वनमण्डल अधिकारी उत्पादन हरिओम, एसडीओ आरईएस कशिश नायक, प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत समनापुर लोकेश नारनोरे सहित अन्य अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर भीम राव अंबेडकर का 68वां पुण्य दिवस मनाया गया



डिंडोरी। शुक्रवार को स्थानीय सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल में बसपा कार्यकर्ताओं ने स्कूली छात्र छात्राओं के साथ संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की 68वीं पुण्य दिवस के दौरान याद किया और चित्र पर पुष्प अर्पित किए।अतिथियों ने डॉक्टर भीम राव आंबेडकर द्वारा किए गए कार्यों को छात्र छात्राओं के बीच साझा किया।

**बाबा साहेब ने संविधान बनाया , अधिकार और कर्तव्य बताए**

छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुरेश चौधरी ने कहा कि डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर ने देश को संविधान दिया, हमें बराबरी का दर्जा दिलवाया।अधिकार और कर्तव्य बताए ।अब हम सबको उनके बताए हुए मार्ग में चलना है।वही जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी ने बताया कि भीम राव अम्बेडकर को बचपन में बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ा।उन्होंने कड़ी मेहनत कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश में दबे ,शोषित वर्ग के लोगों को संविधान में बराबरी का हक दिलाया है।उन्होंने तीन नारे दिए शिक्षित रहो,संगठित रहो और संघर्ष करो।कार्यक्रम में अंसार मोहम्मद,खुर्शीद आलम,रविंद्र करन कोहली ,बेलिया,दिनेश कनौजिया,ललित बनावल,सुरेश चौधरी,रमेश चंद्र सेन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डीएसपी ने किया रक्तदान



डिंडोरी। जिला पुलिस में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पद पर तैनात डीएसपी पुरुषोत्तम मरावी ने अपनी मां की बारहवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जिला अस्पताल में रक्तदान किया।इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से समय समय पर रक्तदान करने का आह्वान भी किया।

## नीदरलैंड से आए सैलानियों ने देखी अमरकंटक की वादियां

अनूपपुर। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिले के पर्यटन स्थल अमरकंटक के समीप ग्राम उमरगोहान में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने होमस्टे विकसित किए जा रहे हैं। हाल ही में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्राम भ्रमण कर यहां बन रहे होमस्टे का निरीक्षण करने के साथ ही इन्हें देशी-विदेशी पर्यटकों को यहां आने के लिए प्रेरित करने की बात कही थी। जिसके बाद से होमस्टे में बुकिंग की शुरूआत हो चुकी है।

**भारत भ्रमण पर हैं विदेशी सैलानी**

नीदरलैंड से भारत भ्रमण के लिए आए सैलानी भारत में कुल तीन सप्ताह बिताने वाले हैं। इन्होंने अपनी यात्रा की शुरूआत छत्तीसगढ़ के लमना से की थी और उसके बाद ग्राम उमरगोहान पहुंच कर दो दिनों का स्टे किया। दोनों ही सैलानी बताते हैं कि उन्हें यहां का परिवेश बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने चूल्हे में रोटी और अन्य पारंपरिक भोजन बनाया एवं स्वाद लिया जो लाजवाब था। इसके बाद आदिवासी लोकगीतों पर ग्रामीणों के साथ जमकर थिरके, मांदर की थाप का आनंद लिया परंपरागत रंगों से साज-सज्जा की और आसपास की खूबसूरती का आनंद लिया।

**पर्यटकों के लिए उमरगोहान**

**बनेगा बेहतर ऑप्शन**

सतपुड़ा के मेकल वैली पर्वत श्रृंखला में स्थित पर्यटन स्थल और पवित्र नगरी अमरकंटक के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ लेने पर्यटकों का जमावड़ा देखते ही बनता है। अमरकंटक से पुष्पराजगढ़ मार्ग से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम उमरगोहान स्थित है, जहां जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा होमस्टे तैयार किए गए हैं तथा पर्यटकों हेतु सभी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी होने से यहां पर्यटक आसानी से पहुंच सकते हैं और ग्रामीण परिवेश से रू-ब-रू हो सकते हैं।

# संभाग समन्वयक की उपस्थिति में चयनित आदर्श ग्राम आमगांव में बैठक हुई संपन्न

अमरपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था वीर शंकर शाह समग्र ग्राम विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमगांव विकासखंड अमरपुर द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मंशानुसार आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत गांव को आदर्श ग्राम बनाने हेतु चयन किया गया हैं। इस संदर्भ में स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच अमृत सिंह परस्ते की अध्यक्षता में संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन एवं जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान, विकासखंड समन्वय अमर लाल धुर्वे द्वारा आदर्श ग्राम के बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जिसमें तुलसी ग्राम, गौ गांव, जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, पॉलिथीन मुक्त ग्राम, नशा मुक्ति अभियान, पौधारोपण, नदी स्वच्छता, विवादहीन ग्राम इत्यादि विषयों पर ग्राम वासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात उपस्थित मंचासीनों द्वारा तुलसी के पौधे वितरण किए गए और हम होंगे कामयाब के अंतर्गत बाल विवाह शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम के अंत में जन सूचना केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार मरावी, धोबी सिंह परस्ते, श्याम सिंह धुर्वे, गणेश केवर्थ तथा हअचे के कार्यकर्ता और बउबसकच मेंटर्स मनोज कुमार तंतुवाय, लाल सिंह ठाकुर, राधेश्याम बनवासी, अशोक कुमार यादव, तिलक सिंह सैयाम सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सिया बाई, स्व-सहायता समूह के महिलाएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सायबर सेल अनूपपुर ने सायबर ठगी के 2 लाख दस हजार कराये वापस

*अनूपपुर*। राज कुमार निवासी थाना जैतहरी जिला अनूपपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोल्ड ड्रीम ट्रेड ऐप के माध्यम से 100 दिन में पैसा दोगुना करने का लालच देकर आवेदक से 02 बार में 2,10,000 रु. की ठगी कर लिया गया था। जिसकी शिकायत आवेदक के द्वारा सायबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल (एनसीआरपी पोर्टल) में दर्ज कराया गया था। उक्त शिकायत पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा गंभीरता से लेते हुए सायबर सेल अनूपपुर को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर सायबर सेल अनूपपुर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगी गयी सम्पूर्ण राशि 2,10,000 रु. को होल्ड करवा दिया गया था। उक्त होल्ड राशि को सायबर सेल अनूपपुर के द्वारा 04.12.2024 को आवेदक के खाते में वापस करा दिया गया है। उक्त ठगी की सम्पूर्ण राषि वापस प्राप्त होने पर आवेदक पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं सायबर सेल अनूपपुर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## संविधान निर्माता डॉ.अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई



**गोटेगांव**-स्थानीय नगर के नया बाजार प्रांगण में स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर विधायक एवं सिलावट समाज संगठन के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनकी पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन धारण किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश,पंकज चौकसे, सिलावट समाज संगठन के वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तमसिंह छिरा,संरक्षक जितेंद्र चांदोरिया, प्रदेश अध्यक्ष परमसिंह सिलावट, प्रदेश महामंत्री दीनूसिंह छिरा,सचिव रंजीत सिंह पिपरोलिया,प्रदेश मीडिया प्रभारी पत्रकार संजू सिलावट,महासचिव देवीसिंह परसवाल, प्रवक्ता लोचनसिंह सिलावट,वरिष्ठ पदाधिकारी सरमन सिंह पिपरोलिया,प्रदेश पदाधिकारी पंचमसिंह रहपुरिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क पर रखी निर्माण सामग्री से आवागमन हो रहा बाधित, दुर्घटनाओं का अंदेशा

**गोटेगांव**। नगरीय क्षेत्र में जगह-जगह सडक़ों पर निर्माण सामग्री के ढेर लगे हैं जिससे वाहनों की आवाजाही के दौरान दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। वहीं बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल होता है और जाम की स्थिति बनती है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी कई स्थानों पर लोग सडकों पर रखी सामग्री को नहीं हटा रहे हैं। पूर्व में बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। जिसके बाद यहां से दुकानों की निर्माण सामग्री को हटाने के बाद कई लोगों ने सडक़ पर ही अपने घरों के सामने रख लिया है।वाहन सड़कों पर रखे रहते हैं जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। नगर के लगभग सभी वार्डों में सकरी सडक़ गलियों में तक कई दिनों से निर्माण सामग्री पड़ी रहती है। जिससे वाहन चालकों को यातायात में परेशानी होती हैं।

## छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



**तेंदूखेड़ा**। विगत दिनों शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा की कक्षा 9वी 10वी की आईटी ट्रेड की 70 छात्राओं ने लोक शिक्षण संचनालय समग्र शिक्षा नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का औद्योगिक भ्रमण किया । इस भ्रमण में विद्यार्थियों को संचालित समस्त ट्रेड की प्रारंभिक जानकारी दी गई। महाविद्यालय के संचालक बी एम बघेल के निर्देशन में महाविद्यालय में संचालित विभिन्न ट्रेडों से संबंधित समस्त जानकारियां लैब का भ्रमण छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भविष्य में इन ट्रेडो की उपयोगिता के बारे में जानकारियां दी।

## सी एन धाकड़ हुए सेवानिवृत्त



**तेंदूखेड़ा**। विगत दिवस चांवरपाठा विकास खंड में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत सी एन धाकड़ की शासकीय सेवा अवधि समाप्त हो जाने पर उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। सरगुजा जिले से अपनी शैक्षणिक योग्यता के चलते वर्ष 1991 में रायसेन जिले से अपनी शासकीय सेवा शुरू कर वर्ष 2011 में चांवरपाठा विकास खंड में पदस्थ हुए थे। तभी से निर्विवाद रूप से क्षेत्र में अपनी महती सेवाएं देते चले आ रहे थे।

### उर्वरक गुण नियंत्रण निरीक्षक टीम ने दी दबिश

# उर्वरक की कालाबाजारी पर 4 के विरुद्ध एफआईआर दर्ज खाद जब्त

**तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सघन उर्वरक गुण नियंत्रण रबी वर्ष 2024- 25 के तहत उर्वरकों के अवैध भंडारण, परिवहन एवं कालाबाजारी रोकने के लिए जिले में दल का गठन किया है।

गठित दल में नोडल अधिकारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी, उर्वरक निरीक्षण पीएस कौशल तथा सहयागी कृषि विस्तार अधिकारी विकास वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से डबल लॉक केन्द्रों और सालीचौका के प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए जाते समय ग्राम मोहपा में पिकअप क्रमांक एपी 20 जीबी 5684 के संचालक अजय कुर्मी गाडरवारा के वाहन में बालाघाट के दिनेश नगपुरे द्वारा एनपीके 12:32:06 निर्माता चातक एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. इंदौर बैच नंबर एच 09 एमएफडी/ एनओव्ही द्वारा बालाघाट के दिनेश नगपुरे से जब उर्वरक संबंधी दस्तावेज पूछे गये। संबंधित द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये।

### किसानों को किया गया खाद का विक्रय

विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान की गई पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा विकासखंड सांईखेड़ा के ग्राम दहलवाड़ा में कुछ कृषकों को उर्वरक विक्रय करके आ रहे हैं। इस संबंध में विकासखंड सांईखेड़ा के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रामकरण पाटीदार और कृषि विस्तार अधिकारी लोकेश चैहान को बुलाकर ग्राम दहलबाड़ा के कृषकों के यहां पहुंचकर उनके कथन लिये गये। इस बात की पुष्टी की गई कि दिनेश नगपुरे बालाघाट द्वारा खाद के विक्रय का कार्य किया गया है और अवैध भंडारण एवं उर्वरक परिवहन किया जाना पाया गया।

### उर्वरक से भरी पिकअप जब्त

उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 (2) (घ) एवं धारा 7 का उल्लंघन किया जाना पाया गया। उपरोक्त उर्वरक से भरी पिकअप एमपी 20 जीबी 5684 रात्रि 9 बजे पुलिस थाना गाडरवारा में सुरक्षा के लिए खड़ी की गई है। बालाघाट जिले के वारासिवनी के झाडगांव निवासी चैनलाल नगपुरे के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार उर्वरक स्कंध को डबल लॉक केन्द्र गाडरवारा में अभिरक्षा में रखा गया है।



**गठित टीम ने की जिले में बड़ी कार्यवाही**

### 3 के विरूद्ध मामला दर्ज

उल्लेखनीय है कि इससे पहले उर्वरक की कालाबाजारी करने पर 3 के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। इसके अलावा माँ शारदा ग्रुप उमारिया-करेली के प्रो. गौरव साहू पिता स्व. एमएल साहू निवासी लक्ष्मीबाई वार्ड नरसिंहपुर, बघौरिया कृषि केन्द्र सिंहपुर के प्रो. ललित शर्मा पिता देवेन्द्र शर्मा निवासी सिंहपुर, पटेल कृषि केन्द्र झामर के प्रो. नरेश कुमार लोधी और इसी क्रम में 03 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

## शासकीय एंबुलेंस से आने जाने पर मरीज को देना होगा किराया

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। सरकार लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें देने के लिये प्रतिबद्ध है। जिला मुख्यालय से दूर दराज के क्षेत्रों मे निवास करने वाले को लोंगो को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकें जिसे लेकर सरकार लाखों रूपये की स्वीकृत कर सेवायें देने के लिये प्रतिबद्ध है वहीं जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश जारी करते हुये जिले मे संचालित सभी शासकीय एंबुलेंस का किराया तय कर दिया गया है एवं 108 व जननी को छोड़कर सभी शासकीय एंबुलेंस पर यह आदेश लागू होगा। आदेश में बताया गया है कि 0.5 किमी. की दूरी के लिये 500 रुपये एवं उससे अधिक दूरी के लिये 15 रूपये प्रति किलोमीटर के आधार पर व्यय लिया जायें। आदेश मे यह भी बताया गया है कि उक्त राशि जन आरोग्य



समिति के खाते मे जमा कराई जाए तथा इस राशि से चालक का वेतन व वाहन का मरम्मत कार्य कराया जाये दूरी की गणना वाहन की लाग बुक व अन्य दस्तावेजों के आधार पर किया जावेगा। सीएमएचओ द्वारा जारी किये गये आदेश क्रमांक/वाहन/2024/8472इ मे बताया गया है कि उक्त आदेश जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार किया गया है तथा सम्पूर्ण कार्य के लिये संबंधित संस्था की होगी। उक्त पत्र के जारी होने के बाद जिले में मरीजों को ठगने का कार्य प्रारंभ होगा तथा शासकीय एंबुलेंस की अपेक्षा निजी एंबुलेंस को अधिक कार्य मिलेगा। जानकारों के अनुसार उक्त आदेश के बाद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिलने की उम्मीद कम होती नजर आ रही है। प्रशासन को चाहिये कि शासकीय एंबुलेंस को नियम अनुसार पूर्व की तरह ही संचालित किया जावे। जिले के जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि शासन की स्वास्थ्य संबंधी मूल्यवान योजनाओं को सुचारू रूप से संचालन के लिये उक्त आदेश को निरस्त कराया जाए जिससे गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

## एमपी पीएससी परीक्षा हेतु प्रभारी नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2025 का आयोजन रविवार 16 फरवरी 2025 को ओएमआर आधारित विधि से दो सत्रों में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की जायेगी। पहला प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2025 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट को परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया है।

## जिला स्तरीय एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर बी सिंह के संरक्षण में एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब की




छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां एवं भाषण, रंगोली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसके अंतर्गत आदिवासी नृत्ययकर्मा नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक तथा भाषण का आयोजन हुआ इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से डॉ. प्रशांत सोनी, नीरज पाटकर एवं स्टाफ के अन्य सदस्य मुख्यरूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम जिले के अन्य कॉलेजों एवं विद्यालयों से भी विद्यार्थी शामिल हुए जिन विद्यालयो ने पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिताएँ आयोजित किए गए उन विद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा महाविद्यालय स्वयंसेवक छात्रों को प्रमाण पत्र तथा मोमेंटो वितरित किए गए इस अवसर पर लगभग 500 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे सभी कों एचआईवी / एडस की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें डॉ प्रशांत सोनी ने कहा कि एचआईवी ध्एड्स से बचना ही सर्वोत्तम उपाय है इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले एवं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो ज्योत्स्ना झारिया तथा छात्र इकाई सह.संयोजक डॉ नरेश नेमाय छात्रा इकाई सह-संयोजक-प्रो. प्रीति कौरव उपस्थिति रही।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि 31 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी मौसम 2024- 25 के तहत राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों के लिए बीमा पंजीयन की शुरुआत हो गई है। किसान अपनी रबी 2024- 25 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 नियत की गई। इच्छुक किसान उक्त तिथि के पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि का मात्र अधिकतम 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय होगा, शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** देश की रक्षा एवं सुरक्षा के दौरान शहीद सैनिकों को स्मरण करने व उनके आश्रितों के प्रति सम्मान प्रकट करने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सशस्त्र सेना झंडा दिवस शुक्रवार 6 दिसम्बर को मनाया गया। विदित है कि शनिवार 7 दिसंबर को अवकाश होने के कारण जिला प्रशासन एवं पूर्व सैनिकों की सहमति से शुक्रवार 6 दिसम्बर को सशस्त्र झंडा दिवस मनाया गया। सशस्त्र झंडा दिवस पर स्वेच्छिक दान राशि भी संग्रहीत की गई। संग्रहीत की गई राशि से शहीद सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किये जाते हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, जिला सैनिक कल्याण संयोजक आरएस टेकाम, प्रदीप कुमार तेलंग, शंकर कुमार, अमित कुमार, एनसीसी कैडेट्स एवं पूर्व सैनिक और अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

## जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर** । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य भारत सरकार द्वारा देश के 347 चयनित जिलों में 100 दिवसीय निक्षय शिविर 7 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होगा और 25 मार्च 2025 विश्व क्षय दिवस तक आयोजित किया जायेगा। अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में 7 दिसम्बर को किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिये कि अभियान के दौरान जिले के संभावित क्षय रोगियों की पहचान के लिए अधिकतम खोज, जांच एवं उपचार के साथ- साथ शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह, जिला क्षय अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी और अन्य विभागों के जिला प्रमुख व सभी जनपदों के सीईओ मौजूद थे।

## मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर** । गत दिवस पीएम श्री शासकीय माध्यमिक लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ब्यूटी एंड वैलनेस एवं हेल्थ एंड केयर के संयुक्त तत्वाधान में ब्राइडल मेकअप हेयर स्टाइल वह मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा हेल्थ एंड केयर के अंतर्गत वर्किंग मॉडल नॉन वर्किंग मॉडल एवं हेल्थ रिलेटेड मॉडल बनाए गए श्रीमती योगिता चौबे व श्रीमती भावना क्षेत्र के द्वारा बताया गया कि व्यावसायिक शिक्षा के उद्देश्य क्या है उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों को रोजगार के अवसर दिलाना है इस प्रतियोगिता में दोनों ट्रेड के बच्चों ने भाग लिया जिसमें ब्यूटी एंड वैलनेस के अंतर्गत ब्राइडल मेकअप में प्रथम पुरस्कार संयोगिता साहू द्वितीय विद्या पाठक तृतीय सुनीता केवट को दिया गया और हेल्थ एंड केयर के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार वैष्णवी विश्वकर्मा एवं द्वितीय पुरस्कार सुरभि नेमा एवं तृतीय पुरस्कार आस्था साहू को संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा के द्वारा दिया गया।

## होमगार्ड का मनाया गया 78 वां स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर** । गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का 78 वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार 6 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका भी मौजूद थी। कलेक्टर ने डायरेक्ट जनरल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा अरविंद कुमार के संदेश का वाचन किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड जवानों के पुत्र तथा पुत्रियों को कक्षा 10 वीं, 12 वीं एवं उच्च शिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें चेक प्रदान किये। वर्ष 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी एवं जवान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजलि शाह, रक्षित निरीक्षक पुलिस एवं होमगार्ड के अधिकारी-कर्मचारी और जवान मौजूद थे। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड टीआर चौहान ने आभार व्यक्त किया।



# लाखों करोड़ों के काम

**फिर भी किसानों से खाली पड़ी रहती है मंडी**



**तेंदूखेड़ा**। हमेशा से चर्चाओं में रहने वाली कृषि उपज मंडी में मंडी चले बगैर ही आये दिन लाखों करोड़ों के निर्माण कार्य चलते रहते हैं लेकिन मंडी में किसानों और मंडी क्षेत्र के व्यापारियों को मंडी में ना पहुंच पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।मंडी शुल्क बढ़ने की दुहाई देने वाले मंडी अधिकारी यह कहकर वरिष्ठ अधिकारियों के कोप भाजन से तो बच निकलते हैं लेकिन जमीनी हकीकत पर जो है उससे केवल और केवल तेंदूखेड़ा का व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में एक यह विषय भी चर्चाओं में बना हुआ है कि केवल निर्माण कार्य इसलिए कराये जाते रहते हैं कि उसमें सबका भला होता रहता है। चूंकि इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता कितनी रहती है यह भी सभी को दिख रहा है।हाल ही में मंडी में पुराने शेडों को मिटा कर फिर से नये शेड बनवाये जा रहे हैं। लेकिन इनकी उपयोगिता को लेकर फिर सबाल खड़े हो रहे हैं। और निर्माण देख रहे मंडी के इंजिनियर भी चुपचाप बनें हुए हैं। निर्माण कार्यों में किस तरह की सामग्री लग रही है। शायद उससे मंडी प्रबंधन भी संतुष्ट बना हुआ है।इस बारे में जानकारी मांगी जाती है तो यह बात कहकर बात को नजर अंदाज करने की कोशिश की जाती है कि वह किसी प्रभाव शाली नेता के रिश्तेदार का ठेका है।

### सूनी पड़ी मंडी

तेंदूखेड़ा कृषि उपज मंडी का क्षेत्र काफी व्यापक है रायसेन जिले की सीमा से लगे मदनपुर और सागर जिले की सीमा राजमार्ग से लेकर सिहोरा तक इसका क्षेत्र है। अलग अलग स्थानीय स्तर पर देखा जाये तो केवल स्थानीय व्यापारी अपने अपने घरों पर व्यापार करते नजर आएंगे।बाकी मंडी के शैड सूने ही पड़े मिलेंगे।नये अधिकारियों को आते ही मंडी प्रबंधन सजग होकर एक दो प्रकरण बनवाकर स्वयं की वाहवाही बटोर लेते हैं वाकी वही पुरानी कहानी। यहां पर एक विषय यह भी देखने को मिलता है कि केवल और केवल तेंदूखेड़ा के स्थानीय व्यापारियों पर ही नियमों का डंडा चलता है बाकी मंडी क्षेत्र के अन्य लाइसेंस धारी व्यापारियों को मंडी में घोष विक्रय करने के लिए दबाव नहीं डाला जाता।इसकी आड़ में कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो विभिन्न सड़क मार्गों पर खुलेआम खरीद करते हुए देखे जा सकते हैं। फिर भी मंडी प्रबंधन मूकदर्शक बना हुआ अपने आप को असहाय से देखें जा सकते हैं।इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में धान की उपज बड़ी संख्या में देखी जा रही है लेकिन निजी तौर पर 2100 से 2400 तक के भाव में खरीदी जा रही है। चूंकि ना तो इनके तौल कांटों की जांच होती और ना ही कोई पूछपरख।

## बगासपुर तालाब के वॉटर फिल्टर का कार्य अधूरा



**गोटेगांव** -जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में मुख्य सड़क मार्ग के पास मौजूद तालाब के पानी को स्वच्छ करने के लिए यहां पर पंचायत के माध्यम से वॉटर फिल्टर का कार्य किया जा रहा है। वहीं तालाब के बाजू से हनुमान मंदिर तक सड़क निर्मित की जा रही है,बगासपुर में निर्मित किए जा रहे वॉटर फिल्टर का कार्य कई दिनों से बंद पड़ा हुआ था। जिसको पूरा करने की दिशा में ग्राम पंचायत ने कवायद प्रारभ कर दी है। ग्राम पंचायत का कहना है कि इसमें जाली लगाने का कार्य शेष रह गया था है उसको लगाने की दिशा में कार्य प्रारभ किया गया है। जो एक सप्ताह में कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद तालाब के आस पास हिस्से में सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। इस वॉटर फिल्टर के निर्मित हो जाने के बाद तालाब के अंदर गंदा पानी नहीं जाएगा और उसका पानी पूरी तरह से स्वच्छ रहेगा।

## गजरथ महोत्सव में सुविधाओं का माकूल बंदोबस्त



**गोटेगांव**-स्थानीय नगर के नेहरू वार्ड में सरकारी अस्पताल के पास वर्तमान समय में जैन समाज के धार्मिक गजरथ महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है, इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में आसपास के जिलों सहित हजारों की संख्या में भक्तगण धार्मिक प्रवचन सुनने के लिए उमड़ रहे हैं,वही नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधाओं की उचित व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं मेला क्षेत्र में आने वाले आगंतुकों को परेशानी ना हो इसलिए दो चलित शौचालय टेकर लगाए गए हैं, वहीं मेला क्षेत्र में आगंतुकों के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए तीन पानी टेकर उपलब्ध है, वहीं मेला क्षेत्र में बनने वाले श्रद्धालुओं के भोजन व्यवस्था के उपरांत निकलने वाले गंदे पानी को फैंकने के लिए एक पानी टेकर उपलब्ध कराए गए हैं वहीं मेला क्षेत्र में रोजाना 20 से 25 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है और वार्ड प्रभारी मौजूद रहते हैं,3 पाली में सुबह दोपहर और रात्रीकालीन साफ-सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार की जा रही है,वही अग्नि समय जैसी अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए एक फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी नगर पालिका परिषद द्वारा की गई है। वही पुलिस विभाग के द्वारा सुरक्षा को लेकर लगातार गस्त कर चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है एवं मेला क्षेत्र में अस्थाई तौर पर पुलिस चौकी का निर्माण भी किया गया है और भी अन्य विभागों द्वारा उचित देखरेख की जा रही है।